उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## सोमवार, 08 आश्विन, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 24 सितम्बर, 2018 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **''क''**)

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" एवं ''ग''** )

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुसाडी में देवबन्द मेन मार्ग से डा0 महावीर के खेत बन्दर जुड्डा सम्पर्क मार्ग तक सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री टीनू आनन्द पुत्र श्री सुभाष ग्राम सुसाड़ी खुर्द पो0 लखनौता, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

6. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुसाडी खुर्द उर्फ गोकलपुर में मैन सड़क से जुड्डा वाला मार्ग की ओर सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री गिलौरी पुत्र श्री ग्यासी राम ग्राम सुसाड़ी खुर्द पो0 सरस्वती नगर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सफरपुर में रविदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री राजेन्द्र पुत्र श्री कलीराम ग्राम सफरपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

8. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नवसृजित तहसील बालगंगा में अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती के सम्बन्ध में" श्री राजेश सिंह पुत्र श्री चतर सिंह ग्राम श्रीकोट गांव जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

9. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा '' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम अलावलपुर में स्वजल विभाग से निर्मित पानी संचालित न होने के सम्बन्ध में'' श्री सुशील पुत्र श्री काबूल ग्राम अलावलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

15. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

16. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :-

1. श्री हरबंस कूपर — ''यह सदन भारत सरकार से निवेदन करता है कि गाय को भारतीय कृषि, आर्थिकी तथा आध्यात्म का आधार होने के कारण राष्ट्रीय पशु के रूप में स्वीकृति दी जाय एवं इस राष्ट्रीय पशु के संरक्षण एवं विकास हेतु ''राष्ट्रीय गाय विकास प्राधिकरण का गठन भी किया जाय।''

2. श्री प्रीतम सिंह पंवार — ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना में से प्रतिवर्ष रू0 01 करोड़ मन्दिरों तथा पंचायत स्थलों के विकास, जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, पुनर्निर्माण के लिए स्वीकृत किये जाने का प्रावधान किया जाय।''

3. श्री धन सिंह नेगी, — ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बांध विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के लिए एक कारगर नीति बनायी जाय।''

4. श्री देशराज कर्णवाल, — ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड कालसी एवं चकराता के मूल निवासी अछूत कोल्टा जातियों को अनुसूचित जाति में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय''।

17. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत जनसंख्या सम्बन्धी मानकों में और अधिक शिथिलता प्रदान करते हुए, प्रदेश के प्रत्येक गांव/तोकों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाय।''

18. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य शराब व व्यसन मुक्त हो तभी देव भूमि की कल्पना साकार होगी।"

19. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अवस्थित भिलंगना विकास खण्ड की विषम भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत विकास खण्ड का पुनर्गठन कर पृथक से एक नया "बाल गंगा विकास खण्ड" बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय।"

20. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि लोक निर्माण विभाग के कोर नेटवर्क में राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में केन्द्र सरकार से संशोधन का निवेदन किया जाय।"

21. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"देहरादून-मसूरी-सुवाखोली-अलमस-भवान-नगुण (उत्तरकाशी) मोटर मार्ग को नगुण तक तथा देहरादून-मसूरी-कैम्टीफॉल-यमुनापुल- नौगांव-बड़कोट-जानकीचट्टी मोटर मार्ग को ऑलवैदर रोड परियोजना में सम्मिलित किये जाये।"

22. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य में सड़क दुर्घटनाओं व दैवीय आपदा से मारे गये लोगों के आश्रितों को एकमुश्त एक समान धनराशि का प्राविधान होना चाहिए।"

23. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के राजकीय सेवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गो के बैक लॉग के पदों पर विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र नियुक्तियॉ की जाय"।

24. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड जाखणीधार का भूगोल टिहरी बांध की झील बनने से अव्यवहारिक हुआ है जिसे पुनर्गठन कर मदन नेगी अथवा रजाखेत के नाम से पृथक नया विकासखण्ड बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय"।

25. काजी मौ0 निजामुद्दीन, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरान्त हुए समस्त वित्तीय घोटालों की जांच हाईकोर्ट के सेवारत न्यायाधीश से कराई जाय"।

26. श्री नवीन चन्द्र दुम्का, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र लालकुऑ के अन्तर्गत स्थित बिन्दुखत्ता तहसील लालकुऑ, जिला नैनीताल, एवं अन्य खत्तों व ऐसे अन्य गांवों जो वन भूमि पर बसे है, में निवास कर रहे नागरिकों को मूल अधिकार प्रदान करने के लिए ऐसे सम्बंधित समस्त क्षेत्रों को राजस्व गांव बनाया जाय"।

27. श्रीमती ममता राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा जारीः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र आरम्भ किया जाय"।

28. **नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण :-**

1. श्रीमती ममता राकेश — "यह सदन सरकार से प्रस्ताव करता है, कि विधान सभा भवन भराड़ीसैंण के मुख्य परिसर का नाम भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर के नाम पर "डा0 भीमराव अम्बेडकर विधान सभा कर दिया जाय।"

2. श्री प्रीतम सिंह पंवार — "यह सदन सरकार से प्रस्ताव करता है, कि राज्य में वाहन दुर्घटनाओं तथा दैवीय आपदा के अन्तर्गत मारे गये व्यक्तियों को एक समान प्रतिकर/अहेतुक सहायता राशि दिये जाने का प्राविधान किया जाय।"

3. श्री देशराज कर्णवाल — "यह सदन प्रस्ताव करता है, कि भारी वर्षा के कारण प्रदेश में काफी जन हानि एवं आपदा जैसे हालात पैदा हो गये हैं, जिस हेतु प्रदेश सरकार राज्य को दैवीय आपदा घोषित करते हुए केन्द्र सरकार को इस आशय का प्रस्ताव भेजे कि वे केन्द्र सरकार द्वारा इसकी भरपाई करने हेतु राज्य को विशेष अनुदान राशि मुहैया करायी जाय ।"

4. श्री मुन्ना सिंह चौहान — "यह सदन प्रस्ताव करता है कि सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के बारे में सरकार द्वारा स्पष्ट व्यवस्था बनायी जाय, जिससे कि पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।"

29. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''गंगा नदी के जल की स्वच्छता अभियान की भांति प्रदेश की सभी नदियों का स्वच्छता अभियान स्वीकृत किया जाय, एवं नदियों में निरन्तर प्रवाह बनाये रखने के लिए नदियों को आपस में जोड़ा जाय।''

30. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में अन्य प्रदेशों की भांति उत्तराखण्ड के निवासियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रदेशवासियों को यह यात्रा निःशुल्क कराने पर विचार किया जाय।''

31. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''यह सदन भारत सरकार से प्रस्ताव करता है कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जायें।''

32. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में स्थापित औद्योगिक ईकाइयों में प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार प्रदान करने में बाहरी प्रदेशों के बेरोजगार युवकों की अपेक्षा से अधिक अवसर प्रदान करने पर विचार किया जाये।''

33. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में एक कार्य एक टेण्डर के स्थान पर छोटी-छोटी योजनाओं के टेण्डर पर कार्य कराये जाय।''

34. श्रीमती ममता राकेश, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है, कि बी0डी0 इन्टर कालेज भगवानपुर, हरिद्वार में स्टेडियम निर्माण हेतु जनपद हरिद्वार में निदेशालय के अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त उक्त स्थल मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप स्टेडियम निर्माण कराने पर विचार किया जाय।''

35. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारीः-

''प्रदेश में विशेषतः उत्तर प्रदेश की भांति किसानों का ऋण मॉफ कर दिया जाय।''

36. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारीः-

''प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किया जाय।''

37. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारीः-

"प्रदेश की आर्थिक एवं भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए इस सदन में चर्चा कराई जाय।"

38. अध्यक्ष द्वारा, दिनांक 23 मार्च, 2018 को सदन में की गई घोषणा के अनुक्रम में दिनांक 24 मार्च, 2018 को विचाराधीन निम्नलिखित विषय पर चर्चा जारी **(एक घंटा)** :-

"सतत् विकास लक्ष्य (एस0डी0जी0)"

39. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

40. जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र व ब्लॉक भीमताल के अन्तर्गत ग्राम अलचौना में कल्सा नदी के नालों से ग्रामीणों को होने वाले खतरे के निवारण के सम्बन्ध में, श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

41. जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत गैरसैंण, आदिबद्री तथा कर्णप्रयाग में 108 एम्बुलेन्स सेवा में संचालित किये जा रहे वाहनों की जर्जर स्थिति के सम्बन्ध में" श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक :23 सितम्बर, 2018**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2018 का
प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

सोमवार,

आश्विन 08, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 24 सितम्बर 2018 )

नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश
04.09.2018

** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कितने संयुक्त चिकित्सालयों में हैपीटाईटिस–सी के ईलाज की सुविधा उपलब्ध है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उपरोक्त बीमारी का निजी अस्पतालों में ईलाज काफी महंगा है जिससे आम आदमी उपचार पर हुए व्यय को वहन करने में असमर्थ है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि जनपद हरिद्वार के तहसील भगवानपुर के बहबलपुर में एक थैलिसिमियां के मरीज को रा0स0चि0 में ब्लड़ चढ़ाने के दौरान हैपीटाईटिस–सी हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के राजकीय संयुक्त चिकित्सालयों में उपरोक्त बीमारी के ईलाज की ऐसी व्यवस्था करायेगी कि ब्लड़ चढ़ाने से पूर्व अच्छी प्रकार से जॉच हो सके, जिससे अन्य मरीजों को हैपीटाईटिस–सी न हो? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
04.09.2018

** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विकासखण्ड खानपुर के कई ग्रामों में गम्भीर बीमारी 'हैपीटाइटिस–सी' के प्रकोप से कई लागों की मौत हो चुकी है और संक्रमण बहुत फैल गया है जिससे बहुत से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और यह महामारी का रूप ले चुकी है? क्या सरकार इस रोग प्रभावित क्षेत्र का सर्वेक्षण कराकर इस बीमारी के उन्मूलन हेतु विशेष प्रयास करेगी? क्या सरकार जनकल्याणकारी जिम्मेवारी के तहत खानपुर क्षेत्र के उक्त ग्रामों के मरीजों को चिन्हित कर उनका निःशुल्क ईलाज करायेगी? क्या सरकार उक्त बीमारी के ईलाज, (जो कि बहुत महंगा है और आम आदमी के पहुॅच से बाहर है) के पश्चात मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल हेतु विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

# नत्थी 'ख'

<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.02.2018 | *1. आगामी सत्र हेतु स्थगित।<br>क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेशभर में तकनीकी शिक्षण संस्थानों को ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक पर संचालित किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेशभर में कितने इन्जीनियरिंग कालेजों में मानकों का पालन किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत हाइड्रो इन्जीनियरिंग कालेज भागीरथी पुरम में कितने विषय संचालित किये जा रहे है? उक्त कालेज में फैकल्टियों का सृजन क्या मानक के अनुसार है तथा उन पर नियमित नियुक्तियों की स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |

## नत्थी 'ग'

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.06.2018 | *1. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि नगुण-भवान-सुवाखोली-मसूरी-देहरादून मोटर मार्ग जनपद उत्तरकाशी व टिहरी जनपद के जौनपुर-थौलधार क्षेत्र का प्रमुख मोटर मार्ग हो गया है? क्या यह सत्य है कि यह मोटर मार्ग सुवाखोली से लेकर भवान तक अत्यधिक संकरा है? क्या सरकार इस सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मोटरमार्ग का चौड़ीकरण व सुधारीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.06.2018 | *2. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल व उत्तरकाशी में दैवीय आपदा, भूस्खलन, बाढ़ व अतिवृष्टि के कारण कुल कितने गांव पूर्ण प्रभावित है जिनका पुनर्वास किया जाना है, वह कौन से गांव है? इन प्रभावित गांवों का पुनर्वास कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.06.2018 | *3. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा के ग्राम लोहियाहेड सहित विभिन्न ग्रामों में 50 से अधिक वर्षो से निवास कर रहे लोगों को मालिकाना हक दिये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे है? यदि हां, तो किस स्तर पर यह कार्यवाही चल रही हैं तथा कब तक इस पर निर्णय लिया जा सकेगा? यदि नहीं, तो वंचितों को मालिकाना हक न दिये जाने के क्या कारण है तथा प्रदेश के अन्य जनपद जहां इस प्रकार की सुविधा दी जा चुकी है या दिये जाने का प्रयास अन्तिम चरण में है, की भॉति सीमान्त क्षेत्र के निवासियों को भी लाभान्वित न किये जाने के क्या कारण है? | **राजस्व** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.06.2018 | *4. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल में स्थापित कम्पनियों द्वारा 70 प्रतिशत प्रदेश के प्रशिक्षित बेरोजगारों को लिये जाने हेतु किये गये प्राविधानों का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जा रहा है? यदि हां, तो प्रदेश के अन्तर्गत सिडकुल में सभी प्रकार की कितनी कम्पनियां स्थापित है तथा इनमें उच्च से निम्न स्तर तक कार्यरत कर्मचारियों में से किस प्रकार 70 प्रतिशत कर्मचारी कार्यरत है? यदि नहीं, तो प्रदेश सरकार द्वारा किये गये प्राविधानों का सिडकुल द्वारा अनुपालन न किये जाने के क्या कारण है तथा इस हेतु उन पर क्या कार्यवाही की जा सकती है तथा क्या कार्यवाही की जा रही है? | **उद्योग** |
| श्रीमती ममता राकेश<br>04.06.2018 | *5. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत है कि महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा कन्याओं हेतु संचालित योजनाओं को एकीकृत कर विभाग द्वारा नन्दा गौरा योजना संचालित | |

की गई है? यदि हां, तो पूर्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गौरादेवी कन्या योजना को बन्द कर दी गई है? क्या सत्य है कि नन्दा गौरा योजना के अन्तर्गत 01 जुलाई, 2017 के उपरान्त प्रथम बार लाभ लेने वाले पात्र आवेदकों को भी इस योजना में आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी यह भी बतने का कष्ट करेगें कि पूर्व के पात्र आवेदकों को वर्तमान योजना से वंचित क्यों रखा गया है? क्या सरकार उक्त पात्रों को भी इस योजना का लाभ देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **महिला सशक्तिकरण**

**श्रीमती ममता राकेश**
04.06.2018
**श्री देशराज कर्णवाल**
13.06.2018

*6. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि वर्ष 2002 में बी0पी0एल0 सर्वे आर्थिक व सामाजिक आधार पर किया गया था, उस समय बी0पी0एल0 सूची बनी थी, उसके बाद आज तक लगभग 15 वर्षो तक कोई बी0पी0एल0 सर्वे लागू नहीं किया गया, जिसके कारण बहुत से बी0पी0एल0 के पात्र व्यक्ति समाज कल्याण की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते है? यदि हां, तो क्या वर्तमान में सरकार बी0पी0एल0 सर्वे कराने की योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **ग्राम्य विकास**

**श्रीमती ममता राकेश**
04.06.2018

*7. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017-18 में जनपदवार कुल कितने आपराधिक मामले दर्ज किये गये है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि कुल दर्ज किये गये आपराधिक मामलों के सापेक्ष कुल कितने मामलों का जनपदवार निस्तारण किया गया है और जनपदवार कितने आपराधिक मामले लम्बित है? क्या सरकार आपराधिक लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **गृह**

**श्री देशराज कर्णवाल**
04.06.2018

*8 क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य निर्माण आन्दोलन के समस्त आन्दोलनकारियों को क्षतिपूर्ति सरकारी नौकरी तथा पेंशन से लाभान्वित किया जा चुका है? क्या इनमें बाजगियों जिन्होंने ढोल बजाकर आन्दोलन में योगदान दिया था उन्हें भी नौकरी एवं पेंशन से लाभान्वित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? — **गृह**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 04.06.2018

*9. **मा0 आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**

क्या उद्योग मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में सरकार द्वारा पीतल नगरी बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इसके लिए किसानों की और अन्य विभागों की कितनी भूमि किस आधार पर अधिग्रहीत की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आतिथि तक उक्त योजना पर सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है, और उसके सापेक्ष कितनी धनराशि किस-किस मद में व्यय की गयी है, तथा कार्यदायी संस्था कौन सी है और उन्हें किस आधार पर कार्य दिया गया है? क्या मंत्री जी विभाग द्वारा पीतल नगरी की रूप-रेखा व विवरण भी देने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

**उद्योग**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 04.06.2018

*10. क्या महिला कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राज्य महिला आयोग में अब तक कुल कितने महिलाओं के उत्पीड़न के मामले दर्ज है, कितने मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, और कितने शेष है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत है कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है? क्या सरकार बढ़ रहे महिला उत्पीड़न के मामलों पर रोक लगाने हेतु कोई नीति तैयार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**महिला कल्याण**

श्री देशराज कर्णवाल 05.06.2018

*11. क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के युवाओं का नशे की दवाईयां खाने से सर्वागीण विकास रूक गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विभिन्न दवाईयों पर प्रतिबन्ध के बाद भी यह प्रतिबन्धित दवाईयां खरीदी व बेची जा रही है? क्या सरकार द्वारा प्रतिबन्धित दवाईयों के तस्करों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करने की योजना बनायी जा रही है? यदि हां, तो क्यों?

**चिकित्सा**

श्री देशराज कर्णवाल 05.06.2018

*12. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के लिए कोई चकबन्दी कानून बनाया गया है? यदि हां, तो अनुसूचित जाति के कृषक मजदूरों के कब्जे में जो निजी भूमि मौके से अनुपस्थित भूधारकों की थी, जिस पर उनका कब्जा शान्तिपूर्वक 12 वर्षो से लेकर 50 वर्षो से भी अधिक समय से चला आ रहा है, का बन्दोबस्त ऐसे कब्जेदार अनुसूचित जाति के कृषक मजदूरों के नाम यह भूमि स्थायी रूप से व्यवस्थित कर राजस्व अभिलेखों में उनको स्थायी अधिकार प्रदान कर दिया जायेगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**राजस्व**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 05.06.2018

*13. क्या गृह मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों को रूपये 3100/- मासिक पेंशन दी जाती है, यह चैक द्वारा तहसील से मिलती है और जिनका कोई समय निर्धारित नहीं होता है तथा कभी 2-3 माह बाद भी दिया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस पेंशन को सीधे उनके बैंक खातों में जमा करने की योजना पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**गृह**

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>07.06.2018 | *14. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बतायेंगे कि पूर्व सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की विधवाओं के कल्याण की कौन-कौन सी योजनायें राज्य सरकार द्वारा संचालित है, तथा उनके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये कोई व्यवस्था की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2018 | *15. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के द्वारा राज्य के विभिन्न हैलीपैडों व हवाई-पट्टियों का किराया वसूला जाता है? क्या यह सत्य है कि कई हैलीकॉप्टर कम्पनियों के द्वारा हैलीपैडों व हवाई पट्टियों का इस्तेमाल करने पर लैडिंग व पार्किंग शुल्क जमा नहीं किया गया? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसी कितनी हैलीकॉप्टर कम्पनियां है, जिन पर बकाया है, और कुल कितनी बकाया राशि है? बकाया राशि की वसूली कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **नागरिक उड्डयन** |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>08.06.2018 | *16. **प्रथम शुक्रवार के तारांकित प्रश्न संख्या-07 में स्थानान्तरित।**<br>क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के जनपदों की वित्तीय वर्ष 2017-18 तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 की प्रस्तावित जिला योजना का परिव्यय कितना-कितना था और उसके सापेक्ष कितना-कितना धन अवमुक्त किया गया है? क्या वित्तीय वर्ष 2017-18 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 के प्रस्तावित परिव्यय में भारी कटौती की गयी है?जिससे जिलों के विकास कार्य प्रभावित हुए है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपदों का जिला योजना का परिव्यय यथाशीघ्र बढ़ाने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नियोजन** |
| श्री चन्दन राम दास<br>13.06.2018 | *17. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि कर्मचारियों की कमी के कारण 1-1 वर्ष से ग्रामीण क्षेत्र में मीटर रीड़िग एवं बिल भेजने का काम नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण राजस्व वसूली भी नहीं हो पा रही है, एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को एक साथ आर्थिक बोझ भी पड़ेगा? क्या सरकार उक्त कमी को दूर करने के लिए कोई ठोस प्रयास करेगी? यदि हां, तो क्या व कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.06.2018 | *18. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने गैर राजस्व ग्राम है? क्या सरकार गैर राजस्व ग्रामों को राजस्व घोषित करने हेतु कोई कार्यवाही करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.06.2018 | *19. क्या राजस्व मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के कोटद्वार तहसील के अन्तर्गत बौक्सा अनुसूचित जाति की कुल कितनी भूमि कागजात में दर्ज है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि कोटद्वार में अनुसूचित जाति बोक्सा की भूमि को अवैध रूप से बेचा जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>27.06.2018 | *20. **तृतीय सोमवार के तारांकित प्रश्न संख्या-15 में स्थानान्तरित।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि अपर सचिव उत्तराखण्ड के राजस्व अनुभाग-1 दिनांक 24 अगस्त 2017 को राजस्व पुलिस संवर्ग में राजस्व निरीक्षक/उपनिरीक्षक के सहायतार्थ आऊटसोर्सिंग के माध्यम से होमगार्ड एवं पी0आर0डी0 स्वंय सेवकों को लिए जाने के सन्दर्भ में प्रतिबन्धों के तहत जिलावार नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? क्या जनपदवार इन पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर दी गयी है? यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? क्या मुख्यमंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि वर्तमान में जनपदवार कुल कितने पद भरे गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>04.06.2018 | 1. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार की ग्राम पंचायत घोन के सचिन पुत्र श्री वीर सिंह की विद्युत प्रवाह के कारण दिनांक 05 जुलाई 2016 को आकस्मिक मृत्यु हुई थी? क्या यह सत्य है कि पीड़ित परिवार के द्वारा बार-बार विभाग से प्रतिकर भुगतान का अनुरोध किया जा रहा है? यदि हां, तो पीड़ित परिवार को अनुमन्य प्रतिकर का भुगतान कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>04.06.2018 | 2. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग दुर्घटना राहत सेवा योजना के अन्तर्गत राज्य को वर्ष 2002 से 2016 तक कुल कितनी हिल रिकवरी क्रेन उपलब्ध करायी गई थी? उक्त क्रेनों का इस्तेमाल किन-किन जनपदों में किया गया और जनपदवार इन रिकवरी वाहनों के द्वारा मार्ग अवरुद्ध होने, दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण फंसे वाहनों को निकालने में किया गया? क्या यह सत्य है कि लगभग सभी क्रेने खड़े-खड़े कबाड में तब्दील हो रही है? यदि हां तो ऐसी निष्प्रयोजन रिकवरी क्रेनों का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>04.06.2018 | 3. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में चकबन्दी की राह में सबसे बड़ी बाधा प्रदेश में 1965 के बाद भू-बन्दोबस्त का न होना है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश भूमि का भूमिधर कोई और व खैकर कोई और है? क्या यह सत्य है कि जब भी चकबन्दी की शुरूआत की जाती है तो भूमि का स्वामित्व किसी और के पास न होने से वैधानिक कार्यवाही नहीं हो पाती है? क्या सरकार उत्तराखण्ड राज्य की कृषि को लाभकारी व व्यावसायिक बनाने के दिशा में भू-बन्दोबस्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.06.2018 | 4. | क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि रूद्रप्रयाग जिले में कुल कितने पशु चिकित्सालय तथा पशु सेवा केन्द्र संचालित है तथा इनमें से कितने केन्द्रों पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध है तथा पिछले 3 वर्षों में पशुधन की वर्षवार स्थिति क्या रही है? पशुधन की वृद्धि के लिये सरकार कदम उठा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.06.2018 | 5. | क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग विधानसभा में अगस्त्यमुनि विकासखण्ड में नौगांव खांकरा के लिये स्वीकृत नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिये वर्ष 2018-19 के बजट में कोई प्रावधान किया गया है? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 6. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में सुरक्षा की दृष्टि से मेलाघाट रोड पर राजीव नगर एवं लोहियाहेड रोड पर स्वास्तिक अस्पताल के पास रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 7. | **स्थगित।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में पहेनिया से कुटरी तक बनाई जा रही बाईपास रोड के पूर्ण किये जाने से पूर्व उत्पन्न हो रही जमीन संबंधी विवाद एवं उसके मालिकाना हक तथा मुआवजे संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार स्तर से कोई कार्यवाही गतिमान है? यदि हां, तो समस्या का समाधान कब तक कर दिया जायेगा तथा बाईपास रोड कब तक पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं, तो आधी-अधूरी तैयार हो चुकी बाईपास रोड को किस प्रकार एवं किस माध्यम से पूर्ण किया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 8. | तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनजाति बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र खटीमा में जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु पॉलिटेक्निक/इंजीनियरिंग कांलेज की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>05.06.2018 | 9. | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-03 में स्थानान्तरित।**<br>क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के जखोली ब्लॉक में बड़मा नामक स्थान पर सैनिक स्कूल का निर्माण प्रारम्भ हुआ था जो पिछले 2 वर्षो से बन्द है? क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त सैनिक स्कूल के निर्माण के लिये भारत सरकार | |

| | | |
|---|---|---|
| | और उत्तराखण्ड सरकार के मध्य कोई (एम0ओ0यू0) सम्पादित हुआ है तथा क्या वित्तीय वर्ष 2018-19 में सैनिक स्कूल के निर्माण के लिये बजट प्राविधान किया गया है? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | **सैनिक कल्याण** |
| **श्री भरत सिंह चौधरी**<br>05.06.2018 | 10. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग जनपद में आपदा पीड़ित कितने परिवार विस्थापित हुये हैं तथा कितने परिवारों को अभी तक पुनर्वासित किया गया है, जो परिवार अभी भी पुनर्वासित नहीं हुये है, उन्हें क्या सरकार पुनर्वासित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| **श्री भरत सिंह चौधरी**<br>05.06.2018 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि वर्ष 2010 में रूद्रप्रयाग विधान सभा के विकास खण्ड जखोली में "सिद्धसोड़-मुसाढुंग-पाली मोटर मार्ग" की विधिवत् स्वीकृति लोक निर्माण विभाग रूद्रप्रयाग को मिल चुकी थी जिस पर अद्यतन कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है? क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री भरत सिंह चौधरी**<br>06.06.2018 | 12. **प्रथम शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-98 में स्थानान्तरित।**<br>क्या पशुपालन मंत्री अवगत है कि विधान सभा रूद्रप्रयाग के जखोली ब्लॉक के स्थान रतनपुर में पूर्ववर्ती सरकार ने पशुचिकित्सा महाविद्यालय की घोषणा की थी? यदि हां, तो सरकार इस महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**<br>07.06.2018 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड की तीसरी निर्वाचित सरकार द्वारा वर्ष 2012 -2017 के मध्य अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में कितने मोटर मार्ग स्वीकृत किये गये थे? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आज समय तक इन स्वीकृत मोटर मार्गों में से कितने मोटर मार्गों पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है और कितने स्वीकृत मोटर मार्ग आज भी निर्माण विहीन है? क्या मंत्री जी आज समय तक निर्माण कार्य न किये जाने का कारण बताते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराऐंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>07.06.2018 | 14. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अध्ययनरत 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं तथा पॉलिटैक्निक कालेजों में अध्ययनरत इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं को मुफ्त लैपटॉप वितरित करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2018 | 15. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय जनपदों में भेड़ बकरी पालन को प्रोत्साहित करने व बेरोजगारों को रोजगार सुलभ कराने के उद्देश्य से भेड़-बकरी क्रय करने हेतु शत प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि यह योजना केवल अनुसूचित जाति व जनजाति परिवारों के लिए ही है? क्या सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवारों के साथ-साथ सामान्य वर्ग के बेरोजगारों को भी भेड़-बकरी पालन की इस योजना का लाभ प्रदान करायेगी? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2018 | 16. **मा0उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में हिमांचल प्रदेश की भांति भूमि उपयोग कानून लागू करने पर विचार किया जायेगा? क्या सरकार 15 नाली से कम जोत काश्तकार बिना सरकार की अनुमति से भूमि बेच सके इस पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लगायेगी? यदि हां, तो इस पर कब तक कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2018 | 17. क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी विभागों में वाह्य स्रोतों (आउट सोर्सिंग) से कार्यरत कार्मिकों को संविदा पर या नियमित करने के लिए कोई नीति अथवा कार्य योजना बनाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो वह क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.06.2018 | 18. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री अवगत हैं कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर देघाट स्याल्दे में हैलीपैड के निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या आतिथि तक इस योजना के निर्माण की प्रगति क्या है? क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नागरिक उड्डयन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.06.2018 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर देघाट-जौरासी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? क्या लोक निर्माण मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि देघाट-जौरासी मोटर मार्ग की वन भूमि की सैद्धान्तिक स्वीकृति भी भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इसके निर्माण हेतु आज समय तक क्या प्रगति हुई है और कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.06.2018 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा घुघती-केलानी-मसमोली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? क्या लोक निर्माण मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि घुघती-केलानी-मसमोली की वन भूमि की सैद्धान्तिक स्वीकृति भी भारत सरकार | लोक निर्माण |

से प्राप्त हो चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इसके निर्माण हेतु आज समय तक क्या प्रगति हुई है और कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**
08.06.2018

21. **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-21 में स्थानान्तरित।**
क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि 17.06.2018 को चमकना-मैठानी-तराड़ मोटर मार्ग में श्री प्रेम राम निवासी ग्राम तराड़ पो0 मैठानी, सल्ट की मैक्स गाड़ी के पलट जाने से दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जिसका पोस्टमार्टम सी0एच0सी0 देवालय में किया गया था? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि स्व0 प्रेम राम के परिवार को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर किसी प्रकार की सहायता या मुआवजा नहीं दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र मृतक परिवार को मुआवजा देगी?

**लोक निर्माण**

**श्रीमती ममता राकेश**
08.06.2018

22. क्या गृह मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक ईकाईयां स्थापित है? क्या यह सत्य है कि औद्योगिक ईकाई के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग में ट्रकों के खड़े होने से लम्बी लाईन लग जाती है जिस कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

**गृह**

**श्री देशराज कर्णवाल**
08.06.2018

23 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की मरम्मत हेतु विभाग द्वारा स्थायी रूप से कर्मचारी तैनात किये जाते है अथवा नहीं? यदि हां, तो कितने कर्मचारी नियुक्त है? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

**श्री भरत सिंह चौधरी**
08.06.2018

24 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के रतूड़ा नामक स्थान पर अतिथि गृह निर्माण हेतु भूमि चिन्हित की गई है? यदि हां तो निर्माण कार्य कब प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

**श्री भरत सिंह चौधरी**
08.06.2018

25 क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं, कि राजकीय पॉलीटेक्निक रतूड़ा रूद्रप्रयाग में मात्र एक ट्रेड कम्प्यूटर साइंस संचालित है? यदि हां, तो अन्य ट्रेड कब तक खुलेंगें? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

**श्री भरत सिंह चौधरी**
08.06.2018

26 क्या लोकनिर्माण मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2013 की विनाशकारी आपदा में केदारनाथ में फंसे हजारों यात्रियों के लिये चलाये गये बचाव राहत अभियान में ''मयाली-गुप्तकाशी-भीरी मोटर मार्ग'' ही एकमात्र मोटर मार्ग था जहां से पूरे अभियान को संचालित किया गया था तथा आज इस मोटर मार्ग की स्थिति बड़ी दयनीय है और इसके सुधारीकरण की मांग निरंतर उठती रही है? क्या सरकार

**लोक निर्माण**

इस मार्ग के सुधारीकरण पर विचार कर रही है, यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| **श्री भरत सिंह चौधरी** 08.06.2018 | 27 क्या स्वास्थ्य मंत्री बतायेंगे कि जनपदवार व्याधि निधि की व्यवस्था के तहत लाभ प्राप्त करने के क्या मानक है, तथा इस निधि में भविष्य में वृद्धि करने का सरकार का कोई विचार है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 11.06.2018 | 28. लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा संख्या- 128/2015 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड जौनपुर में केम्पटी-चढ़ोगी हल्का वाहन मार्ग का मोटरमार्ग में परिवर्तन एवं डामरीकरण कार्य द्वितीय चरण लम्बाई 20.43 कि0मी0 लागत 1112.85 लाख का प्रस्ताव मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग टिहरी के पत्र संख्या-3020/8(1) याता0 (थत्यूड़) टिहरी/17 दिनांक 30.08.2017 द्वारा शासन को प्रेषित किया जा चुका है? क्या व्यापक जनहित में उक्त हल्का वाहन मार्ग का मोटर मार्ग में परिवर्तन व डामरीकरण कार्य करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 11.06.2018 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने स्वीकृत मोटरमार्ग वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण निर्माण से वंचित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया के कारण लम्बित सड़कों के शीघ्र निर्माण के लिए सरकार कोई ठोस व प्रभावी कार्य योजना बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 11.06.2018 | 30. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम के अधीन जॉब कार्ड धारक परिवारों की संख्या क्या है? वर्ष 2016-17 में रोजगार मांग करने वाले श्रमिक परिवारों की संख्या क्या थी? इनमें से कुल कितने श्रमिक परिवारों को रोजगार दिया गया? 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिक परिवारों की कुल संख्या क्या रही? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 11.06.2018 | 31. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा औद्योगिक निवेश की वर्तमान दशा को सुधारने के लिए क्या ठोस प्रयास किये जा रहे है? यदि हां, तो प्रदेश में वर्तमान सरकार के गठन से अब तक कितने नये उद्योग स्थापित हुए है? यदि नहीं, तो क्यों? | **औद्योगिक विकास** |
| **श्री भरत सिंह चौधरी** 11.06.2018 | 32. **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-59 में स्थानान्तरित।** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि युवा बेरोजगारों के लिये संचालित स्वरोजगार योजनाओं के लिये जनपदवार कोई लक्ष्य निर्धारित है? यदि हां, तो पिछले वित्तीय वर्ष में जनपदवार उनकी लक्ष्य प्राप्ति का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्योग** |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 11.06.2018 | 33 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड की पहली निर्वाचित सरकार द्वारा वर्ष 2002 -2007 के मध्य अल्मोड़ा जिले की सल्ट और भिक्यासैण विधान सभा में कितने मोटर मार्ग स्वीकृत किये गये थे? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आज समय तक कितने स्वीकृत मोटर मार्गो का निर्माण किया जा चुका है और कितनी स्वीकृत सड़कें निर्माण विहीन है? क्या मंत्री जी आज समय तक निर्माण कार्य न किये जाने का कारण बताते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 11.06.2018 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में ऐराड़ी बिष्ट-राम सिंह किचार मोटर मार्ग कब स्वीकृत किया गया था? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मार्ग की वन भूमि की सैद्धान्तिक व विधिवत स्वीकृति क्रमशः कब भारत सरकार से प्राप्त हुई? उक्त मार्ग के निर्माण में कुल कितनी लागत आयेगी, और कब तक सरकार इसका निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 12.06.2018 | 35. क्या लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में विभाग के पास कहां-कहां औद्योगिक संस्थान भूखण्ड है? राज्य के गठन के पश्चात् आज तक कितने भूखण्ड आवंटित हुए एवं कितने भूखण्ड खाली पड़े हुए है? बन्द भूखण्डों को खोलने एवं भूखण्डों को विकसित करने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 12.06.2018 | 36. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' के अन्तर्गत बनने वाले सड़क मार्गो की चौड़ाई के क्या मानक है? क्या उक्त योजना के अन्तर्गत बनने वाले सड़क मार्गो में चौड़ाई के मानकों का अनुपालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो सरकार 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' के अन्तर्गत बनने वाले सड़क मार्गो के अपेक्षित चौड़ाई नहीं देने वाले ठेकेदारों पर कोई ठोस कार्यवाही की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 12.06.2018 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है, कि उनके द्वारा 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में गगास-उडीमहादेव-सैलापानी भिक्यासैण-मरचूला मोटर मार्ग का नाम राजा हरूहीत मोटर मार्ग के नाम से करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? क्या सरकार यह | |

| | | |
|---|---|---|
| | भी बताने का कष्ट करेगी, कि क्या मोटर मार्ग का नाम राजा हरूहीत मोटर मार्ग के नाम से कर दिया गया है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**<br>12.06.2018 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में हरड़ा-भिक्यासैण मोटर मार्ग का नाम शहीद गोपाल सिंह रावत जी के नाम से करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी? क्या लोक निर्माण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या मोटर मार्ग का नाम शहीद गोपाल सिंह रावत जी के नाम से कर दिया गया है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेश राठौर**<br>12.06.2018 | 39. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खनन विभाग द्वारा गढ़वाल मंडल विकास निगम को कुल कितने खनन लॉट आवंटित किये गये हैं एवं उन खनन लॉटों में कितनों पर काम चल रहा है? क्या मंत्री जी उक्त विवरण सदन में प्रस्तुत करेंगे? क्या गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा तय समय सीमा के अंदर खनन शुरू ना किये जाने पर उन लॉटों को खनन विभाग को वापस करने का प्रावधान है? यदि हां, तो अभी तक कितने लॉट खनन विभाग ने वापस लिए? यदि नहीं, तो क्यों? | **औद्योगिक विकास** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>12.06.2018 | 40. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के जनपद टिहरी व उत्तरकाशी में वर्ष 1960-61 में भूमि पैमायश/साबिक बन्दोबस्ती करायी गयी थी? क्या यह सत्य है कि वर्तमान में भूमि बन्दोबस्ती में भारी परिवर्तन आ चुका है? क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में भूमि पैमायश/साबिक बन्दोबस्ती करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>12.06.2018 | 41. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आंदोलन के कितने आन्दोलनकारियों को अब तक चिन्हित किया जा चुका है? कितने आन्दोलनकारियों को अब तक सरकारी सेवाओं में लिया जा चुका है एवं कितने आन्दोलनकारियों को पेंशन अन्य सुविधायें प्रदान की जा रही है तथा यह क्या-क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय में ऐसे आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण की कार्यवाही गतिमान है? यदि हां, तो प्रगति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**<br>13.06.2018 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद आन्नद सिंह रावत-गिवाईपानी मोटर मार्ग जिसकी भारत सरकार से वन भूमि की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, के शीघ्र निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को कराये जाने में क्या प्रगति हुई | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| | है? क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 13.06.2018 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है, कि पूर्व सरकार द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में शिव मंदिर कहडगांव के पास जो झूला पुल स्वीकृत था उसके स्थान पर मोटर पुल व सड़क मार्ग की स्वीकृति कब की गयी थी? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पुल व मोटर मार्ग के निर्माण में कितनी लागत आयेगी और उसके सापेक्ष कितनी धनराशि पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री चन्दन राम दास** 13.06.2018 | 44. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में वर्ष 2015 में बर्फवारी के समय ध्वस्त बिजली लाईनों को दुरस्त करने के लिए सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इसकी क्या योजना है, एवं कुल कितनी धनराशि अवमुक्त हुई है? यदि नहीं, हुई तो इसके क्या कारण है, इतने लम्बे समय से बर्फवारी वाले ग्रामों के लाईनों का सुधार नहीं हो पाया है? | **ऊर्जा** |
| **श्री चन्दन राम दास** 13.06.2018 | 45. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर जिले में कुल कितनी सड़कें राज्य सड़क घोषित की गयी है? उनका सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेंगे? क्या मत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि घोषित सड़कों के निर्माण हेतु कोई योजना एवं ठोस प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री चन्दनराम दास** 13.06.2018 | 46. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर जिले में बेस अस्पताल स्वीकृत है? यदि हां, तो बेस अस्पताल हेतु कुल कितनी धनराशि का आगणन बनाया गया व कुल कितनी धनराशि अवमुक्त हुई तथा कुल कितनी धनराशि अभी तक व्यय हुई है, तद् सम्बन्धित पूर्ण विवरण? क्या यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि बेस अस्पताल के निर्माण की कार्यवाही कब तक प्रारम्भ होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री दलीप रावत** 13.06.2018 | 47. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा लैंसडौन के अन्तर्गत कुल कितने सड़क मार्ग यातायात सुविधा के लिए उपर्युक्त है? क्या सरकार द्वारा नये सड़क मार्गो को परिवहन मंत्रालय द्वारा अनुमति देने हेतु कोई कार्यवाही की जायेगी? यदि हां, तो वर्तमान समय तक नये सड़क मार्गो के अनुमति न मिलने के क्या कारण है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री दलीप सिंह रावत** 13.06.2018 | 48. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटैक्निक कालेज बड़खेत स्वीकृत है? क्या मंत्री जी यह अवगत करायेंगे कि राजकीय पॉलिटैक्निक कालेज बड़खेत में सरकार वर्ष 2018-19 से सत्र प्रारम्भ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |

**श्री सुरेश राठौर**
13.06.2018

49. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश के जनपद हरिद्वार में वर्तमान में कुल कितने स्टोन क्रेशर संचालित हो रहे है एवं उनसे सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है? क्या मंत्री जी विवरण को सदन में प्रस्तुत करेगें? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार में नये स्टोन क्रेशर बनाये जाने के किन्ही प्रस्तावों पर विचार चल रहा है? यदि हां, तो उसका विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों?

**औद्योगिक विकास**

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
14.06.2018

50. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 427/2009 के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड जौनपुर में थत्यूड़ से केम्पटी मोटर मार्ग का निर्माण लम्बाई 10.50 कि0मी0 लागत 635.36 लाख का प्रस्ताव/आगणन मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग टि्हरी के पत्र संख्या-5052/8(1) याता0 (थत्यूड़) टिहरी/2016 दिनांक 14.09. 2017 द्वारा शासन को प्रेषित किया जा चुका है? क्या व्यापक जनहित में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
14.06.2018

51. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पहाड़ी गांवों में अब तक कुल कितने गांव चकबन्दी से आच्छादित हो चुके है? राज्य के जनपदवार ऐसे गांव कौन-कौन से है? क्या सरकार स्वैच्छिक चकबन्दी अपनाने वाले ऐसे गांवों को प्रोत्साहित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**राजस्व**

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
14.06.2018

52. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में कुमाल्डा-सत्यों-कद्दूखाल मोटर मार्ग अत्यधिक संकरा तथा दर्जन भर स्थानों पर भयानक डेंजर जोनों से होकर गुजरता है? यदि हां तो क्या सरकार इस प्रमुख मोटर मार्ग का चौड़ीकरण व सुधारीकरण का कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

**श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**
14.06.2018

53. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सल्ट विधान सभा की वर्षो से लम्बित पड़ी मोटर मार्ग कुलोली-मुनड़ा-देवीखाल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या लोक निर्माण मंत्री इस बात से भी अवगत है कि कुलोली-देवीखाल मोटर मार्ग की वन भूमि की सैद्धान्तिक स्वीकृति भी भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इसके निर्माण हेतु आज समय तक क्या

**लोक निर्माण**

प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.06.2018 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर तालेश्वर मंदिर को तामाढौन-गौलना-खलडुवा मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.06.2018 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर वर्षो से लम्बित महरौली-चित्तौड़खाल मोटर मार्ग जिसकी वन भूमि की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, के शीघ्र निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि वर्तमान आज समय तक इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2018 | 56. क्या खाद्य आपूर्ति मत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत एल0पी0जी0 गैस वितरण के कुल कितने स्थान निश्चित है? क्या सरकार एल0पी0जी0 गैस की किल्लत को देखते हुए एल0पी0जी0 गैस वितरण के नये स्थान चिन्हित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य आपूर्ति |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2018 | 57. क्या पशुपालन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा लैंसडौन के अन्तर्गत कुल कितने पशु चिकित्सालय है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि इन चिकित्सालयों में पदों के सापेक्ष सभी पशु चिकित्सक नियुक्त है? यदि हां, तो उनका तद्संबंधित पूर्ण विवरण क्या है? | पशुपालन |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2018 | 58. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के विकासखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत सीमाखेत, रेवा खाल्यू डाण्डा जाने वाले मार्ग के वर्तमान समय तक पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या इसके विलम्ब हेतु विभाग जिम्मेदार है? यदि हां, तो क्या विभाग जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही करेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2018 | 59. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सड़क मार्गो के सापेक्ष सड़क मार्गो की मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कुल कितने श्रमिक (रोड गैंग श्रमिक) कार्यरत है? क्या सरकार द्वारा सड़क मार्गो के रख-रखाव हेतु | |

श्रमिकों की भर्ती की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? **लोक निर्माण**

**श्री भरत सिंह चौधरी**
14.06.2018

60. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-03 में स्थानान्तरित।**
क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जखोली ब्लाक के चिरबटिया में वर्ष 1992 से आई0टी0आई0 संचालित हो रहा है, जो कि पांच ट्रेड के साथ संचालित किया गया था तथा वर्तमान में मात्र 3 ट्रेड चल रहे है? क्या विभाग द्वारा ट्रेड बढ़ाकर अनुदेशकों की नियुक्ति की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

**श्री सुरेश राठौर**
14.06.2018

61 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में सभी सरकारी अस्पतालों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/पैथोलोजी लैब में चिकित्सकों एवं लैब टैक्नीशियनों के कुल कितने पद सृजित है? क्या मंत्री यह भी बताऐंगे कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष सभी पदों पर तैनाती है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार जनपद हरिद्वार में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिकतम पदों पर चिकित्सकों एवं लैब टैक्नीशियनों की तैनाती हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक?

**स्वास्थ्य**

**श्री सुरेश राठौर**
14.06.2018

62. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में नया मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब से व कहां प्रस्तावित है तथा अभी तक उसमें क्या प्रगति हुई है? यदि नही ंतो क्या ऐसा कोई प्रस्ताव विचार में लाया जायेगा?

**चिकित्सा शिक्षा**

**श्री चन्दन राम दास**
14.06.2018

63. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की काफी कमी है? यदि हां, तो जनपदवार अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता के कुल कितने पद सृजित है, एवं कुल कितने पद रिक्त है का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने का कष्ट करेगें? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि उपरोक्त पदों को भरने हेतु ऊर्जा विभाग एवं सरकार क्या प्रयास कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
15.06.2018

64. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013 चारधाम में आयी दैवीय आपदा से हुई क्षति के कारण पुर्ननिर्माण के कार्य पूर्ण किये जा चुके है? यदि नहीं, तो क्यों? सरकार पुर्ननिर्माण कार्य कब तक पूर्ण करेगी?

**आपदा प्रबन्धन**

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
15.06.2018

65. क्या महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महिलाओं के कार्य बोझ में कमी लाने तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा में जोड़ने उनके सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक उन्नयन के लिए सरकार के द्वारा कोई ठोस कार्य योजना का निर्माण किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**महिला कल्याण एवं बाल विकास**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
18.06.2018

66. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सल्ट विधान सभा की वर्षों से लम्बित पड़ी मोटर मार्ग तराड़ी-शशीखाल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? क्या लोक निर्माण मंत्री इस बात से भी अवगत है कि तराड़ी-शशीखाल मोटर मार्ग की वन भूमि की सैद्धान्तिक स्वीकृति भी भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इनके निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
18.06.2018

67. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर शिव मंदिर-भिक्यासैण पर मोटर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इस पुल निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
18.06.2018

68. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सदै-महरगांव मोटर मार्ग जिसकी भारत सरकार से वन भूमि की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, के शीघ्र निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि वर्तमान समय तक इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
18.06.2018

69. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर मटेला पर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इस पुल निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या जनहित में इसका निर्माण कार्य शीघ्र कराकर जनता को लाभाविन्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री दलीप सिंह रावत
18.06.2018

70. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश मे ए0एन0एम0 पद पर संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को सरकार स्थाई तौर पर नियुक्ति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

श्री दलीप सिंह रावत
18.06.2018

71. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**

क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पौड़ी के लैंसडोन तहसील के अन्तर्गत सड़क किनारे बनाये जा रहे व्यवसायी प्रतिष्ठानों/होटलों के निर्माण में सड़क नियन्त्रण नियम (रोड़ कन्ट्रोल एक्ट) का पालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो नियम के विरूद्ध निर्माण कार्य करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विभाग कोई ठोस कार्यवाही करेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री दलीप सिंह रावत**<br>18.06.2018 | 72. | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-85 में स्थानान्तरित।**<br>क्या आपदा प्रबंधन मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगे कि जनपद पौड़ी के रिखणीखाल विकासखण्ड के अन्तर्गत झर्त के रथुवाढ़ाव नामक स्थान पर आपदा में वर्ष 2010 में पैदल पुल बह गया था? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में रथुवाढ़ाव नामक स्थान पर पुल का शीघ्र निर्माण कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| **श्री दलीप सिंह रावत**<br>18.06.2018 | 73. | क्या पशुपालन मंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि प्रदेश के कई पशु चिकित्सकों को अपने मूल तैनाती चिकित्सालयों के स्थान पर अन्य स्थानों में सम्बद्ध किया गया है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार इन पशु चिकित्सकों का सम्बद्धीकरण शीघ्र समाप्त करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>18.06.2018 | 74. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं की प्रसूति हेतु सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों के अलावा घरों में सुरक्षित प्रसूति हेतु सरकार कोई योजना चला रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री सुरेश राठौर**<br>18.06.2018 | 75. | क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा ज्वालापुर में एयरपोर्ट, हैलीपैड़ एवं हैलीड्रोम बनाये जाने की किसी योजना पर विचार चल रहा है? यदि हां, तो उसका विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? क्या भविष्य में सरकार द्वारा ऐसी किसी योजना पर विचार किया जायेगा? | **नागरिक उड्डयन** |
| **श्री सुरेश राठौर**<br>18.06.2018 | 76. | क्या वैकल्पिक उर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सौर उर्जा के कितने प्लांट स्थापित है तथा कब से संचालित हो रहे है व उनके द्वारा कितना विद्युत उत्पादन किया जा रहा है? क्या विधान सभा ज्वालापुर में सौर उर्जा प्लांट की योजनाओं पर कार्य/विचार चल रहा है? यदि हां, तो पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| **श्री सुरेश राठौर**<br>18.06.2018 | 77. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश के चकबंदी विभाग के गठन, अधिनियम व नियमावली तैयार किये जा रहे है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश राठौर<br>18.06.2018 | 78. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को उचित रूप से लागू करने हेतु फर्जी बी0पी0एल0 कार्ड धारकों को दंडित करने हेतु कोई कार्यवाही की गयी है? यदि हां, तो प्रदेश में जनपदवार कितने फर्जी बी0पी0एल0 कार्डधारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री सुरेश राठौर<br>18.06.2018 | 79. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार स्थित जिला मुख्यालय रोशनाबाद में स्वास्थ्य विभाग के पास कुल कितनी जमीन है तथा उस पर अभी कौन-कौन से कार्यालय व भवन निर्मित है? स्वास्थ्य विभाग की कुल कितनी भूमि रिक्त है एवं उक्त भूमि पर क्या किन्हीं योजनाओं पर कार्य/विचार चल रहा है? यदि हां, तो वह क्या योजनाऐं हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.06.2018 | 80. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आपदा प्रबन्धन नियमावली में विषम भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? क्या सरकार विगत पांच वर्षो में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक/सरकारी/गैरसरकारी परिसम्पतियों जिनका पुनर्निर्माण अब तक नहीं हो पाया है? ऐसी क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों के पनुर्निर्माण हेतु धनावंटन किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.06.2018 | 81. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पवन ऊर्जा व सौर ऊर्जा उत्पादन की कुल कितनी क्षमता का अनुमानित आंकलन किया गया है? वर्तमान समय में पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा का कुल कितना उत्पादन किया जा रहा है? शेष अथवा व्यापक उत्पादन के लिए सरकार कोई ठोस अथवा कारगर योजना व नीति बनाने जा रही है? यदि हां तो वह क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.06.2018 | 82. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ (थौलधार) में खून, मल-मूत्र व बलगम जांच की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ (थौलधार) में खून, मल-मूत्र व बलगम आदि जांच की नियमित सुविधा प्रारम्भ करायी जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.06.2018 | 83. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में स्वीकृत मोटर मार्ग जो वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण लम्बित है ऐसे प्रकरण कौन-कौन से है, | |

| | | |
|---|---|---|
| | किस स्तर पर लम्बित है और वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया कब पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवा लिए जायेंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण** 18.06.2018 | 84. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि केन्द्र सरकार की फलैगशिप योजना 'प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य)'' अन्तर्गत प्रत्येक घर में बिजली का कनैक्शन दिसम्बर, 2018 तक दिया जाना है परन्तु इस योजना का प्रदेश में कार्यान्वयन समुचित गति से नहीं हो रहा है? यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में यमकेश्वर, द्वारीखाल और दुगड्डा विकासखण्डों में कुल कितने घरों में बिजली के कनैक्शन इस योजना के अन्तर्गत दिये गये है? विकासखण्डवार अवशेष घरों की संख्या जिन्हें कनैक्शन दिये जाने है, क्या है? लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त करने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है? | **ऊर्जा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल** 19.06.2018 | 85. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में एन0एच058 के चौड़ीकरण व बाईपास निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा दिया जा चुका है अथवा नहीं, तथा चौड़ीकरण एवं बाईपास का निर्माण कार्य पूरा करने की अवधि कब तक निर्धारित है? | **लोक निर्माण** |
| **श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण** 19.06.2018 | 86. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड, यमकेश्वर के अन्तर्गत निर्माणाधीन फूलचट्टी-कोटा मार्ग का कार्य विगत अनेक वर्षो से लम्बित पड़ा है? इस मार्ग में पड़ने वाली वन भूमि के हस्तान्तरण में कोई समस्या है? यदि हां, तो पूर्ण वन भूमि का हस्तान्तरण किस तिथि तक सम्पन्न हो जायेगा? क्या लोक निर्माण विभाग द्वारा इस पथ को पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 19.06.2018 | 87. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सल्ट विधान सभा की वर्षों से लम्बित पड़ी मोटर मार्ग शहीद गांव थलमाड़ के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? क्या लोक निर्माण मंत्री इस बात से भी अवगत है कि शहीद गांव थलमाड़ को मोटर मार्ग से जोड़े जाने की भारत सरकार से वन भूमि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है?यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस कार्य को प्रारम्भ करने में क्या प्रगति हुई है और क्या जनहित में शीघ्र इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना** 19.06.2018 | 88 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर तुराचौरा नामक स्थान में खतरौन पर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इस पुल | |

| | | |
|---|---|---|
| | निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**<br>19.06.2018 | 89. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर तामाढौन-गौलना पर मोटर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इस पुल निर्माण हेतु आज समय तक क्या प्रगति हुई है और सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**<br>19.06.2018 | 90. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर पालपुर पर मोटर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि इस पुल निर्माण हेतु आज समय तक क्या प्रगति हुई है और क्या जनहित में शीघ्र इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा ?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>20.06.2018 | 91. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि मैदानी ईलाकों के ग्रामीण अंचलों में बिजली कमी को दूर करने के लिए किसानों को वैकल्पिक उर्जा की ओर आकर्षित करने हेतु सरकार की कोई योजना है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>20.06.2018 | 92. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के मखदमपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ऊपर से विद्युत लाईन जा रही है, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की सम्भावना है? इन्हें हटाने हेतु अब तक सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>20.06.2018 | 93. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भागीरथी में बंद पड़ी तीन जल विद्युत परियोजनाओं, पाला मनेरी, लोहारीनागपाला तथा मनेरी भौरोघाटी को दोबारा शुरू किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>20.06.2018 | 94. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि राज्य में विभिन्न राजस्व चौकियों व पुलिस चौकियों के अमीन तैनात ग्राम प्रहरियों का मानदेय 1000 रू प्रतिमाह है जबकि इतने कम मानदेय में अपने-अपने गांवों से काफी दूरी पर स्थित राजस्व चौकियों व पुलिस चौकियों में इन ग्राम प्रहरियों को आना-जाना पड़ता है? यदि हां, तो इन ग्राम प्रहरियों की उपरोक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए सरकार इनके मानदेय में वृद्धि करायेगी? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>20.06.2018 | 95. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में उरेडा विभाग के द्वारा किन-किन गांवों, मजरों व तोकों में सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकरण कराया जाना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>20.06.2018 | 96. क्या चारा एवं चारागाह विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में चारागाहों के विकास हेतु सरकार कोई ठोस योजना बना रही है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **चारा एवं चारागाह विकास** |
| **श्री महेन्द्र भट्‌ट**<br>21.06.2018 | 97. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशीमठ में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे मशीन है? यदि हां, तो इनका संचालन किन कारणों से नहीं हो पाया है? क्या सरकार इसके संचालन के लिए टैक्निशीयन भेजने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री महेन्द्र भट्‌ट**<br>21.06.2018 | 98. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रदेश में कुल कितने पद रिक्त चल रहे है? सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार कर रही है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| **श्री महेन्द्र भट्‌ट**<br>21.06.2018 | 99. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के सुभई (भविष्य बद्री) गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लाभान्वित होने से वंचित रह गया है? क्या मंत्री जी बताना चाहेंगे कि किस गलती के कारण यह गांव सम्मिलित नहीं किया जा सका? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने के लिए नया प्रस्ताव तैयार कर रही है? यदि हां, तो उक्त गांव को कब तक सड़क मार्ग से जोड़ दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| **श्री सुरेश राठौर**<br>21.06.2018 | 100. क्या महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार में नवीनत्म (2017) में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन प्रक्रिया में कितनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया एवं कितनी नियुक्त हुई? क्या मंत्री जी सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करायेंगे? | **महिला कल्याण एवं बाल विकास** |